राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :–

दिनांक : 27.08.2018

आयोग द्वारा प्रधानाध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा, 2018 दिनांक 02.09.2018 (रविवार) को दो सत्रों में प्रातः 09.00 बजे से 12.00 बजे एवं दोपहर 02:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक राजस्थान के समस्त संभागीय जिला मुख्यालयों यथा–अजमेर, भरतपुर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा एवं उदयपुर पर आयोजित की जा रही है।

अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध लिंक पर जाकर आवेदन–पत्र क्रमांक (Application No.) व जन्म दिनांक से डाउनलोड कर लेवें। अभ्यर्थी https://sso.rajasthan.gov.in पर लॉगिन कर तथा Recruitment portal का चयन कर भी प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर सकते है। अपने परीक्षा केन्द्र पर एक फोटो एवं मूल फोटो पहचान–पत्र अवश्य लेकर परीक्षा समय से दो घण्टा पूर्व उपस्थित होवें। मूल पहचान–पत्र के अभाव में अभ्यर्थी को केन्द्र पर प्रवेश नहीं दिया जावेगा। अभ्यर्थी परीक्षा हेतु जारी आवश्यक अनुदेशों का अवलोकन कर लेवें।

(पी.सी.बेरवाल)
सचिव